आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



# पंजाब ही नहीं, पूरे देश का सिरदर्द बढ़ा रहा है अमृतपाल सिंह

## भारत के इस दुश्मन को हमेशा के लिए शांत करने की है जरूरत : आइएसआइ से कनेक्शन का पता चलने के बाद अब सतर्कता जरूरी

आजाद सिपाही विशेष

आज बात करेंगे पंजाब की। चार दशक के बाद पंजाब एक बार फिर अशांत है। 'खालिस्तान' का भस्मासुर फिर से पंजाब से लेकर ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन तक भारत के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। दो दशक से पंजाब शांति की राह पर आगे बढ़ रहा था, लेकिन अब पिछले कुछ महीनों से पंजाब में जैसे हालात बनते जा रहे हैं, वह एक भयावह संदेश भी दे रहे हैं। इसके साथ 80 के दशक के जलते पंजाब की यादें भी ताजा हो रही हैं। यही वह समय था, जब खुशहाली और समृद्धि के प्रतीक इस राज्य में खालिस्तान की मांग ने पूरे देश को अस्थिर करने का प्रयास किया था। उस दौर में खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने पूरे पंजाब को हिंसा की भट्ठी में झोंक दिया था। वहीं पंजाब एक बार फिर अमृतपाल सिंह नामक सिरफिरे के कारण अशांत हो चला है। पिछले महीने एक पुलिस स्टेशन का घेराव कर राज्य सरकार को घुटने पर लाने के कारण खुद को अपराजेय समझनेवाला यह शख्स अब केवल पंजाब के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए सिरदर्द बन गया है। पंजाब सरकार की ढीली-ढाली कार्यशैली ने इस सिरदर्द का समय पर इलाज नहीं किया, जिसके कारण आज ब्रिटेन में भारतीय दूतावास पर उसके समर्थकों ने उत्पात मचाया है। अब इस बात की भी पुष्टि हो गयी है कि अमृतपाल सिंह के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ का हाथ है। इसलिए इस सिरफिरे को हमेशा के लिए शांत करना अब जरूरी हो गया है। पंजाब के इस सिरदर्द की पूरी कुंडली के साथ इस समस्या के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

**चार** दशक पहले आतंकवाद की आग में लगभग जल चुके पंजाब की स्थिति आज एक बार फिर चिंताजनक हो गयी है। करीब एक दशक तक जलने और एक प्रधानमंत्री के अलावा अनगिनत शख्सियतों का बलिदान लेने के बाद तब पंजाब शांत हुआ था। अब फिर से पंजाब में उथल-पुथल मची हुई है। इसकी शुरुआत अमृतपाल सिंह नामक एक आतंकवादी ने की है। अमृतपाल कई दिनों से देश भर में चर्चा में बना हुआ है। पंजाब पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। 29 साल के इस शख्स को यह गुमान हो गया है कि वह भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ कर जरनैल सिंह भिंडरांवाले बन सकता है। पिछले महीने उसने अजनाला थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि वह घटना राज्य सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति के कारण घटी थी। लेकिन यह सही है कि अमृतपाल सिंह नामक यह सिरदर्द लगातार बढ़ता जा रहा है।

### कौन है अमृतपाल सिंह

'वारिस पंजाब दे' का मुखिया है अमृतपाल सिंह। वह फिलहाल फरार है। दो दिन पहले पंजाब पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया था और पहले खबर भी आयी थी कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन बाद में पुलिस ने स्वयं कहा कि अभी वह पकड़ा नहीं गया है। उसे पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है और पूरे राज्य में उसे तलाश रही है। पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई पर देश से लेकर विदेश तक बवाल मचा हुआ है।



**बड़ा सवाल : क्या पंजाब पर फिर से मंडरा रहा उस 'काले दौर' की वापसी का खतरा?**

अमृतपाल सिंह का जन्म साल 1993 में अमृतसर के जल्लूपुर गांव में हुआ। अमृतपाल ने 12वीं तक पढ़ाई की है और अपने चाचा के ट्रांसपोर्ट के कारोबार में हाथ बंटाने के लिए 2012 में दुबई चला गया। वह छह महीने पहले सबकी नजरों में आया। पिछले साल एक्टर-एक्टिविस्ट दीप सिंह सिद्धू की सड़क हादसे में मौत के बाद उसने 'वारिस पंजाब दे' संगठन की कमान संभाली और दुबई से भारत आया। सिद्धू से अमृतपाल की कभी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन उसका कहना है कि वह सिद्धू के ऑनलाइन वीडियो से काफी प्रभावित है। साल 2021 में किसान आंदोलन के दौरान लाल किले पर प्रदर्शन के दौरान अमृतपाल ने सिद्धू का समर्थन किया था। एक सप्ताह पहले सिद्धू की पहली पुण्यतिथि पर अमृतपाल ने कहा कि उसने अपने बाल काटने बंद कर दिये हैं। नवंबर 2021 में दिवंगत अभिनेता ने इस तरह की सलाह दी थी। पिछले साल 25 सितंबर को अमृतपाल आनंदपुर साहिब गया और अमृतधारी सिख बनने के लिए औपचारिक रूप से सिख धर्म अपनाया। एक इंटरव्यू में अमृतपाल ने बताया कि उनका जन्म और पालन-पोषण अमृतसर के जादू खेड़ा गांव में हुआ है। उसकी शादी 10 फरवरी 2023 को बाबा बकाला में हुई। अमृतपाल सिंह के खिलाफ तीन केस दर्ज हैं। दो केस नफरती भाषण और एक केस अपहरण से जुड़ा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अमृतपाल सिंह की शादी ब्रिटेन की एनआरआइ किरणदीप कौर से हुई है। अमृतपाल अपना पहनावा भिंडरांवाले की तरह रखता है। वह उसी अंदाज में पगड़ी पहनता है, जैसा कि भिंडरांवाले पहनता था। अमृतपाल के पिता का नाम तरसेम सिंह है। अमृतपाल सिंह के दबदबे का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि पंजाब पुलिस ने अजनाला हिंसा के बाद अमृतपाल के खिलाफ दर्ज इन मामलों को आज तक सार्वजनिक नहीं होने दिया है।

### एक सौ से अधिक समर्थक गिरफ्तार

अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी अभी तक भले ही न हुई हो, लेकिन इस संगठन के एक सौ से ज्यादा सदस्यों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह पंजाब पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे अमृतपाल सिंह के संगठन की कमर तो टूटी ही है, साथ ही सिखों के लिए अलग देश की मांग करनेवाले अमृतपाल सिंह की असली छवि भी सामने आयी है। पिछले महीने पंजाब के अजनाला थाने पर अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने हमला किया था। उस हमले का मकसद अपने साथी लवप्रीत उर्फ तूफान को रिहा कराना था।

### पंजाब में फिर अशांति का खतरा

अमृतपाल सिंह प्रकरण के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या पंजाब में फिर से आतंकवाद और अलगावाद का खतरा है। 1980 के दशक में पंजाब पहले ही खालिस्तान आंदोलन देख चुका है। खालिस्तान आंदोलन का काला दौर 1980 से 1995 यानि डेढ़ दशक तक चला था। इस 15 साल की हिंसा में पंजाब में 21 हजार 532 लोग मारे गये थे। पुलिस कार्रवाई आठ हजार से अधिक अलगावदी ढेर हुए थे। अमृतपाल सिंह ने अब अपने आपको एक कट्टर सिख नेता साबित करने की कोशिश की है। ऐसा नहीं है कि अमृतपाल सिंह की गतिविधियों पर केंद्र चुपचाप बैठा है।

केंद्र सरकार का एक्शन जल्द ही सामने दिखायी देगा। लेकिन यह एक्शन तत्काल लेने की जरूरत है, क्योंकि अमृतपाल सिंह के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ का हाथ होने की बात स्थापित हो चुकी है। इसलिए इस समस्या को तत्काल खत्म करना ही भारत के सामने एकमात्र विकल्प है।

# वनांचल आंदोलन के आंदोलनकारी भी झारखंड आंदोलनकारी माने जायेंगे : आलमगीर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग में वनांचल व जेपी शब्द हटाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जेपी आंदोलन एक अलग आंदोलन है, जिसका झारखंड आंदोलन से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन वनांचल आंदोलन झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए ही हुआ था, इसलिए वनांचल आंदोलन के आंदोलनकारी भी झारखंड आंदोलनकारी ही माने जायेंगे।

**आइएएस की अध्यक्षता में आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग गठित :** मंत्री आलमगीर कहा कि वनांचल आंदोलनकारियों को प्रोत्साहन राशि, पेंशन और सम्मान मिले, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। इसके लिए सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवा के एक पदाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का गठन किया गया है, जिसका कार्यकाल 13 जुलाई 2024 तक विस्तारित है।

**जेपी आंदोलनकारियों के लिए अलग आयोग :** मंत्री आलमगीर आलम ने यह जवाब बोकारो से भाजपा के विधायक विरंची नारायण के प्रश्न के जवाब में दिया। विधायक ने सवाल उठाया था कि झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग से वनांचल व जेपी शब्द हटाया गया है। इसपर सरकार का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलनकारी के लिए अलग से आयोग है, उस आंदोलन का झारखंड आंदोलन से कोई लेना देना नहीं है, इसलिए उसके लिए अलग से प्रविधान है।



**आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने की उठी मांग :** इसी प्रश्न के साथ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय जेपी आंदोलनकारियों के पेंशन को बिहार की तरह बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने जेपी आंदोलनकारियों का पेंशन बढ़ाया है तो यहां के आंदोलनकारियों का भी पेंशन बढ़ना चाहिए। कांके से भाजपा विधायक समरी लाल ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सदस्य रहे झारखंड आंदोलनकारियों के पेंशन की मांग की, तो टुंडी से झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने जेपी आंदोलनकारियों की तरह ही झारखंड आंदोलनकारियों के पेंशन की मांग की। मंत्री ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

# विधानसभा के मुख्य द्वार पर नियोजन नीति को लेकर भाजपा विधायकों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन सोमवार को भी विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर धरना प्रदर्शन दिया। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। राज्य में जल्द नियोजन नीति लागू किया जाए।




**सदन में धनबाद में बार बालाओं के डांस का मुद्दा गूंजा :** सदन में धनबाद में बार बालाओं के डांस का मुद्दा गूंजा। झामुमो विधायक मथुरा महतो ने स्पीकर से इसपर संज्ञान लेने की मांग की। धनबाद के जियलगोड़ा स्टेडियम डिगवाडीह में 18 मार्च को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। दिनभर खेल के इवेंट्स के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बार बालाओं के जमकर ठुमके लगे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम का लुत्फ उठाते नजर आये। धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह की मौजूदगी में रातभर बार बालाएं नाचती रहीं।

## चतुर्थवर्गीय कर्मियों को फोर्थ से थर्ड ग्रेड में प्रमोशन जल्द होगा : आलमगीर

सदन में विधायक अमित यादव के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि चतुर्थवर्गीय कर्मियों के प्रमोशन के लिए नियम बना हुआ है। विगत कुछ वर्षों से प्रमोशन नहीं हो पाया है, ये गंभीर मसला है। नियमावली के तहत सीमित परीक्षा से 15 प्रतिशत कर्मियों को फोर्थ से थर्ड ग्रेड में प्रमोशन करना है। सरकार इसपर जल्द कार्रवाई करेगी। विधायक अमित यादव ने अल्पसूचित प्रश्न सवाल किया कि झारखंड गठन के बाद चतुर्थवर्गीय कर्मियों के प्रमोशन के लिए सीमित परीक्षा नहीं हो पायी है। सरकार कबतक करेगी।

## पांच जिलों में ओबीसी का आरक्षण नहीं : नीलकंठ

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सूचना के तहत बताया कि मीडिया में आज जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का प्रकाशन हुआ है, जिसमें पांच जिला ऐसे हैं, जहां एक वर्ग को शून्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी, सिमडेगा सहित पांच जिले ऐसे हैं, जहां ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया गया है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या इन जिलों में ओबीसी नहीं है। उन्होंने मांग की कि इन जिलों में भी ओबीसी को आरक्षण की व्यवस्था की जाये।

## उग्रवादियों के विरुद्ध चले 'डबल बुल' ऑपरेशन में मिली थी अप्रत्याशित सफलता

# लोहरदगा की सीआरपीएफ 158 बटालियन को नेशनल बेस्ट परिचालनिक अवार्ड से नवाजा गया

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लगभग एक दशक से उग्रवाद प्रभावित लोहरदगा जिले में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन को उग्रवाद नियंत्रण अभियान एवं जन सरोकार से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2022 की बेस्ट परिचालनिक बटालियन ट्रॉफी में द्वितीय स्थान से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय स्तर पर सीआरपीएफ 158 बटालियन को उत्कृष्ट और बेहतरीन कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किये जाने से इस कंपनी के अधिकारी और जवान गौरवान्वित हैं। पुरस्कृत होने के बाद 158 बटालियन में जोश और उत्साह का नया संचार हुआ है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में घोर उग्रवाद प्रभावित लोहरदगा जिले में जिला पुलिस के साथ समन्वय बनाकर 'डबल बुल' ऑपरेशन में भाग लिया था। 'डबल बुल' नामक उग्रवाद



उन्मूलन अभियान में उग्रवादियों के विरुद्ध सुरक्षाबलों को अप्रत्याशित सफलता मिली थी। गत आठ से 25 फरवरी तक लगातार दिन रात लगातार चला इस संयुक्त अभियान में एक हार्डकोर इनामी माओवादी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया, जबकि आठ हार्डकोर माओवादी उग्रवादियों को मौके से खदेड़ कर गिरफ्तार किया गया था।

अभियान के दौरान कई नक्सली बंकर ध्वस्त किया गया। भारी मात्रा में नक्सलियों द्वारा छुपाये गये हथियार, आईडी, विस्फोटक, गोला बारूद और कारतूस बरामद किया गया। 'डबल बुल' अभियान में इस क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों को लगभग समाप्त करने के कगार में ला दिया। गत दिसंबर माह में चलाये गये संयुक्त अभियान में पांच लाख के इनामी सब जोनल कमांडर चंद्रभान पाहन को सुरक्षाबलों ने मार गिराया, जबकि माओवादी सब जोनल कमांडर एवं पांच लाख का इनामी नक्सली गोविंद बृजिया को मौके पर दबोचा गया। इसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में अवैध आधुनिक हथियार, गोला बारूद, आइएडी कारतूस जब्त किया गया।

## सीआरपीएफ की कर्तव्यनिष्ठा ही पहचान है : कमांडेंट राहुल कुमार



सीआरपीएफ 158 कंपनी लोहरदगा के कमांडेंट राहुल कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि नेशनल स्तर पर ऑपरेशनल अवार्ड मिलने से पूरी कंपनी गौरवान्वित है। कहा कि इस शानदार सफलता के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार समेत पुलिस प्रशासन की पूरी टीम के प्रति सीआरपीएफ 158 बटालियन आभार व्यक्त करता है। कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि नक्सल ऑपरेशन के अतिरिक्त जन सरोकार से जुड़े कार्यों में भी सीआरपीएफ 158 बटालियन की गहरी दिलचस्पी है। इसके तहत लोहरदगा जिले में लगभग पांच हजार पौधे लगाये गये हैं। मेडिकल कैंप का आयोजन कर गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास किया गया। आदिवासी बहुल गांव में बड़ी संख्या में लोगों को जरूरत के सामान सीआरपीएफ द्वारा बांटे गये। आम जनों से मैत्री संबंध स्थापित कर शांति बहाल कराया गया, जिससे स्थानीय विकास को प्रत्यक्ष गति मिली। जनजातीय आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ ने स्थानीय 240 युवाओं को विभिन्न राज्यों के परिभ्रमण में भेजा है। कहा स्थानीय पुलिस के साथ सीआरपीएफ 158 बटालियन समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए लगातार समर्पित होकर काम कर रहा है।

**कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत चितरपुर हाट में 15x40 फीट आकार का एक आलू-प्याज गोदाम एवं मुख्य बाजार प्रांगण, रामगढ़ में अवस्थित 49x13 फीट आकार का एक दुकान रिक्त है जिसे समिति द्वारा 5 रुपये प्रति वर्गफीट की दर से किराये पर दिया जाना है. आवंटन के लिए इच्छुक व्यक्ति/संस्थान दिनांक 25.03.2023 के संध्या 5 बजे तक समिति कार्यालय से निःशुल्क विहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं. विशेष परिस्थिति में आवंटन रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा. आवंटन हेतु अन्य नियम एवं शर्तें निम्न है:-

1. आवेदक को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पोर्टल पर किसान, किसान उत्पादक समूह (FPO's) एवं एकीकृत अनुज्ञप्तिधारी (Unified Licency) व्यापारी के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है.
2. वैसे आवेदक जिन्हें पूर्व से मुख्य बाजार प्रांगण, रामगढ़ में दुकान आवंटित है दुकान आवंटन हेतु उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा.
3. आवेदनकर्ता बाजार समिति, रामगढ़ का बकायेदार न हो.
4. चितरपुर हाट में अवस्थित आलू-प्याज गोदाम के आवंटन में किसान एवं किसान उत्पादक समूह (FPO's) को प्राथमिकता दी जायेगी.
5. बाजार प्रांगण, रामगढ़ में अवस्थित रिक्त दुकान के आवंटन हेतु आवेदनकर्ता के पास खाद्य सुरक्षा (FSSAI) से संबंधित प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है.

ह./- पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति
रामगढ़

ज्ञापांक : 108/ रामगढ़, दिनांक : 18.03.2023

ह./- अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़
-सह- विशेष पदाधिकारी
कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### तपोवन मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री हेमंत आज करेंगे श्रीगणेश

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंदिर क्षेत्र के सात हजार वर्गमीटर क्षेत्र को विकसित किया जाना है। इस पर करीब 14.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (जुडको) के क्रियान्वयन में कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल को चौड़ा किया जायेगा। पुल के दोनों छोर पर हरमू नदी के किनारे सीमेंटेड रास्ता (100-100 मीटर) बनाया जायेगा। भविष्य में बाईं ओर नदी के ऊपर के रास्ते का तिवारी बेचर पेट्रोल पंप के पास तक विस्तार किया जाना है।

### श्री महावीर मंडल रांची के मुख्य कार्यालय का उद्घटन

रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल रांची के मुख्य कार्यालय श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, महावीर चौक का उद्घाटन उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी कौशल किशोर ने संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के उपरांत श्री महावीर मंडल के संचालन समिति, अखाड़ाधारी एवं नेतृत्वकर्ताओ की बैठक श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव एवं राजीव रंजन मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में संचालन समिति के सदस्यों को उपायुक्त एवं एसएसपी के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त और एसएसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने के दौरान जिला प्रशासन पूर्ण रूप से आपके सहयोग के लिए तैयार है। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक ओझा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजा सेन गुप्ता, ललित ओझा, रामधन बर्मन , विजय साहू, शंकर साहू, राजू यादव, बिंदुल वर्मा, सागर कुमार, कैलाश केसरी , राज किशोर, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, दीपक वर्मा, बंटी यादव, जगदीश साहू, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विशुन देव प्रसाद लीलू, बाबू पाठक मौजूद थे।

### ओबीसी को आरक्षण नहीं देना असंवैधानिक: राजेंद्र

रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जिला स्तरीय नियुक्ति में ओबीसी को आरक्षण दिए बिना जिलावार आरक्षण रोस्टर का जिला स्तरीय पदों पर होने वाली सीधी नियुक्ती में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिए जाने पर सरकार के निर्णय का कड़ी शब्दों में निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, चाईबासा, दुमका, में शून्य करना असंवैधानिक है। प्रसाद ने कहा इसके अलावा रांची, साहिबगंज, पाकुड़ , पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग, गोड्डा, सहित इन तमाम जिलों में ओबीसी की आबादी के अनुसार आरक्षण नहीं दिया गया है और किसी-किसी जिला में 8 प्रतिशत तो कहीं 7 प्रतिशत इस तरह का आरक्षण ओबीसी को आरक्षण दिया गया है, यह ओबीसी के अधिकारों का हनन है और यह बिल्कुल असंवैधानिक है। प्रसाद ने कहा है कि सरकार अपना निर्णय पर पुनर्विचार करे और ओबीसी को आबादी के अनुसार सभी जिलों में आरक्षण दे। प्रसाद ने कहा कि ओबीसी आरक्षण और नियोजन नीति पर मूलवासी सदान मोर्चा मंगलवार को बैठक कर आगे की आंदोलन पर निर्णय लेगी।

### सांसद निशिकांत दुबे की पीआइएल पर हाइकोर्ट से बंगाल सरकार को नोटिस, केंद्र से मांगा जवाब

रांची (आजाद सिपाही)। मसानजोर डैम को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है। इस याचिका के याचिकाकर्ता गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे हैं। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायाधीश संजय मिश्र की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। अब अदालत 24 अप्रैल को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।

### झारखंड सहित देश भर से होगा भाजपा का सफाया : जयप्रकाश नारायण यादव

रांची (आजाद सिपाही)। राजद के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि अगले वर्ष होने वाले चुनाव में झारखंड सहित देश भर से भाजपा का सफाया हो जायेगा। देशभर में महागठबंधन की अगुवाई में भाजपा भगाओ, देश बचाओ के अभियान को साकार किया जायेगा। यादव सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। जयप्रकाश ने कहा कि झारखंड में भी राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की विचारधारा को स्थापित करना है। झारखंड में नयी कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। पूर्व में सदस्यता अभियान चलाया गया था, जिसमें चार लाख सदस्य बनाए गये। अब नयी कार्यकारिणी से उम्मीद है कि वे दूसरे चरण के सदस्यता अभियान को और प्रभावी तरीके से चलाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कोडरमा में कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है। पूर्व की तरह झारखंड में अपना समय देंगे और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को धारदार और मजबूत करेंगे।

### डीसी ने सोमनाथ तीर्थयात्रा के लिए देवघर से चालीस यात्रियों के दल को किया रवाना

देवघर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत समाहरणालय परिसर से 40 तीर्थ यात्रियों के जत्थे को सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इससे पहले उपायुक्त ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभ से लाभान्वित लाभुकों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना।

## पेज-1 का शेष

### सीबीएसइ की तर्ज पर 80 उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों को मिलेगी क्वालिटी एजुकेशन : हेमंत

**खेलकूद के साथ शिक्षा में भी लहरायेंगे परचम :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, जरूरत है कि हम उन्हें संसाधनों के साथ जोड़ें। जो बच्चे-बच्चियां पिछड़ापन और गरीबी के कारण संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, वैसे बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। झारखंड के बच्चे-बच्चियों ने खेल के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे बच्चे, जो स्कूली शिक्षा से आगे बढ़ कर इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य स्ट्रीम में पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद देते हुए पढ़ाई में होने वाले सभी खर्चों का वहन करेगी। देश में पहली बार इस राज्य ने अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की है।

**प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की स्कूली व्यवस्था प्रबंधन समिति की देख-रेख में चलती है। स्कूलों के सफल एवं उत्कृष्ट संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन समिति की जिम्मेदारी अहम और महत्वपूर्ण रहती है। स्कूल प्रबंधन समिति को अब पहले से ज्यादा बेहतर होने की आवश्यकता है तभी हम उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना को साकार कर सकेंगे। हर वर्ग, हर समूह के बच्चे-बच्चियों को शिक्षा का समान अधिकार तथा अवसर देना है। प्रबंधन समिति के सदस्य गांव-गांव, घर-घर पहुंच कर बच्चों का स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करायें। प्रबंधन समिति के सदस्य गांव प्रत्येक बच्चे- बच्चियों को अपने परिवार के बच्चों की भांति ही उन्हें बेहतर शिक्षा व्यवस्था का लाभ दिलाने का काम करें। राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यहां की शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ऐसा आयोजन हुआ है।

# स्वास्थ्य विभाग का 7040 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विपक्ष के बहिष्कार के बीच वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग का 7040 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित हुआ। अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि साल भर में कोई काम नहीं हुआ। आयुष्मान कार्ड योजना के नाम पर सिर्फ फर्जीवाड़ा है। जिसका राशन कार्ड नहीं उसका गोल्डन कार्ड बन रहा है। पूर्व की सरकार फर्जी लोगों पर कार्रवाई करती थी लेकिन इस सरकार में एक भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। वहीं झामुमो विधायक मथुरा महतो ने कहा कि सही मायने में कोविड-19 में विभाग ने बेहतर काम किया था। पारा शिक्षकों की तर्ज पर इनका भी मानदेय बढ़ाना चाहिए। गंभीर बीमारी के लिए लोग दक्षिण भारत की ओर रुख करते हैं ऐसे में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक की जाये, जिससे बाहर न जाना पड़े।

भानु प्रताप शाही ने कहा कि मंत्री जी का स्वास्थ्य छोड़ कर पूरा विभाग अस्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग की किताब में केवल फोटोग्राफ हटाये गये हैं। सिर्फ माल और साल को छोड़कर कौमा, फुलस्टॉप भी नहीं हटाया गया है। पिछले साल जो था, उसे ही रख दिया गया है। एमजीएम में सर्दी बुखार की दवा भी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग में पारामेडिकल स्टाफ के पद खाली पड़े हैं। राज्य में 18000 डॉक्टर की जगह मात्र 1800 डॉक्टर हैं। प्रदीप यादव ने कहा कि एंबुलेंस से सभी जगह पार्थिव शरीर ले जाने की व्यवस्था की जाए। 108 एंबुलेंस को सभी जगह भेजने की व्यवस्था हो। हरा कार्ड तो बना दिया गया लेकिन 5 महीने से राशन नहीं मिली है। भूषण तिर्की ने कहा कि माल-साल नहीं बदला है। भाजपा ने झारखंड की खाल खींचने का काम किया। प्रेम उपस्कर मोबाइल बैंक के नाम पर भाजपा ने लूटा है। भाजपा दलित पर सवाल उठाती है लेकिन दूसरे प्रदेशों में दलितों के साथ अत्याचार हो रहे हैं उस पर कुछ नहीं कहती।

विधायक समरी लाल ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था रेफर टू रिम्स होकर रह गया है। स्वास्थ्य मंत्री के क्षेत्र में टीएमएच और एमजीएम है जिससे वहां के मरीज तो नहीं आते लेकिन पूरे राज्य के मरीज को रेफर टू रिम्स किया जाता है। रिम्स शोध का केंद्र है बड़ी बड़ी बीमारियों का इलाज होता है लेकिन उसे भी बीमार करके रख दिया गया है। ट्रामा सेंटर कहें या उसे ड्रामा सेंटर रिम्स के 600 करोड़ रुपये में मात्र 8 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सकी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**वृष** पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ।

**मिथुन** हर क्षेत्र सफलता प्राप्त करेंगे। योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

**कर्क** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। आमदनी में वृद्धि होगी। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा। सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक** अधूरा कार्य पूरा होगा। धन लाभ। मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**धनु** माता पिता का सहयोग। प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। सुख-सुविधा की प्राप्ति। मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कुंभ** बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में आशातीत लाभ। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### जेएससीए स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन

# स्पीकर एकादश ने आठ विकेट से मुख्यमंत्री एकादश को हराया



## सुदेश महतो बने मैन ऑफ द मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के बीच में फुर्सत के क्षण निकालते हुए स्पीकर एकादश और मुख्यमंत्री एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन जेएससीए स्टेडियम में किया गया। इसमें स्पीकर एकादश ने मुख्यमंत्री एकादश को आठ विकेट से हरा कर जीत हासिल की। मुख्यमंत्री एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, और 12 ओवरों में 97 रन बनाए। जिसके जवाब में स्पीकर एकादश ने 9 ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया, और 8 विकेट से जीत हासिल की। स्पीकर एकादश की ओर से सर्वाधिक 42 रन सुदेश महतो ने बनाए। जिसमें 3 छक्के और 4 चौके शामिल हैं। पूर्व खेल मंत्री अमर बाउरी ने भी उनका अच्छा साथ दिया और कुल 29 रन बनाए। वहीं नवीन जायसवाल ने 1 रन बनाया। मुख्यमंत्री एकादश की ओर से कप्तान प्रदीप यादव ने सर्वाधिक 28 रन बनाए और नाबाद रहे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 22, दिनेश विलियम मरांडी ने 11, संजीव सरदार ने 9, अनूप सिंह ने 3 और भूषण बाड़ा ने 2 रन बनाए। स्पीकर एकादश की ओर से सुदेश महतो ने 22 रन देकर 1, अमित यादव ने 22 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। जबकि आलोक चौरसिया ने 16 रन देकर 1 खिलाड़ी को आउट किया। बाकी के खिलाड़ी रन आउट हुए। मैच में मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सुदेश महतो, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार बन्ना गुप्ता और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार रणधीर सिंह को मिला।

# नवकला महावीर मंडल की नयी कमेटी का गठन

**रामनवमी का इतिहास गौरवशाली और रोचक रहा है : बिक्रम सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामनवमी पूजा और शोभा यात्रा को लेकर नव कला महावीर मंडल की एक बैठक बिक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक डेली मार्केट दानी बाबू लेन कैलाश बाबू स्ट्रीट टैक्सी स्टैंड के समीप हुई। इसमें पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। बिक्रम सिंह ने कहा कि सड़कों के किनारे शान से महावीरी झंडे लहरा रहे हैं। 29 मार्च को झांकी और 30 मार्च को रामनवमी शोभायात्रा निकली जाएगी। डेढ़ बजे जुलूस की शुरूआत होगी और इसके बाद संध्या रात दस बजे तक चलता रहेगा। हर हाथ में पताका, तलवार और कटार होंगे।

शक्ति का प्रदर्शन होगा। प्रभु राम का जयकारा लगेगा। रामनवमी का इतिहास गौरवशाली और रोचक रहा है। उन्होंने कहा कि नव कला महावीर मंडल का स्थापना 1820 में हुई थी। सरकार से मान्यता प्राप्त है। इस मंडल को निर्धारित मार्ग जानी बाबू लेन से निकलकर कैलाश बाबू स्ट्रीट होते हुए लेक रोड बड़ा तालाब से मेन रोड होते हुए मलहा टोली होकर तपोवन पहुंचेगी। झांकी का तय मार्ग कैलाश बाबू स्ट्रीट टैक्सी स्टैंड मेन रोड होते हुए महावीर चौक अप्पर बाजार एवं पूर्व के संस्थापक एवं इस मंडल के अनुष्ठान को गति देने वाले स्वर्गीय मनोज राम वर्मा एवं उनके पूर्व जो भी है उन्हें श्रद्धांजलि देने के पश्चात रात्रि में झांकी निकाली जायेगी।

बैठक में सर्वसम्मति से नयी कमेटी का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष विष्णु राम वर्मा, कार्यकारिणी अध्यक्ष सनी कुमार, वरीय उपाध्यक्ष विश्वरूप डे, आशीष तिवारी, सौम्या चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, अमन कुमार वर्मा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सूरज वर्मा, उत्कर्ष तिवारी, रवि कुमार, महासचिव राजेश कुमार गुप्ता, सचिव सुनील गोराई, सचिव महेंद्र वर्मा, संगठन सचिव विकास कुमार, संगठन सचिव कौशल साहू, महामंत्री रोहित मिश्रा, मंत्री अमित प्रसाद, मोनी शंकर, पूजा प्रभारी गोपाल ठाकुर, पुजारी संचित पाठक, मुख्य संरक्षक अधिवक्ता शिवम कुमार, उमा शंकर दास, अजय कुमार वर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, सत्यम कुमार, विशाल वर्मा, घनश्याम वर्मा, आनंद जायसवाल, राजन सहाय, राधेश्याम मक्कड़, सुरेश साहू, उदय नाथ गुप्ता, विजय गुप्ता, संदीप चरण, पीके जसवाल, इंजीनियर साहब, नीरज, संजू नंदी, ओम प्रकाश साहू, अजय प्रसाद, सुभाष चंद्र अग्रवाल, लल्लन प्रसाद राय, रजत नाथ, पंकज सिंह, दिलीप बर्मा, उदय राम वर्मा, मुन्ना चौरसिया, सुरेंद्र वर्मा, गोविंदा, बालक तिवारी, सुनील तिवारी, तरुण शर्मा को चुना गया।

# झारखंड में तीन साल में 5736 सड़क हादसे में 4291 लोगों की हुई मौत

**सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2019 से 2021 तक देश में राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस वे में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश में इन तीन वर्षों में कुल 382512 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें सड़क सबसे अधिक सड़क दुर्घटना वर्ष 2019 में हुई है, जो 137000 से अधिक है। वहीं दूसरी ओर झारखंड में इन तीन वर्षों में 5736 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं और इन सड़क दुर्घटनाओं में 4291 लोगों की मौत हुई है। सबसे अधिक मौतें वर्ष 2019 में हुई है, जो 1554 है। यह जानकारी सोमवार को जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने सवाल पूछा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा क्या है और इससे कितने लोगों की जान गई है। सांसद ने दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा देने से संबंधित जानकारी भी मांगी थी। इसके अलावा टोल टैक्स से संबंधित जानकारी भी सांसद ने सदन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से मांगा था।

इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 161 के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामले में मुआवजे का विशेष प्रावधान है। इसके तहत 25 फरवरी 2022 की अधिसूचना के माध्यम से हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों के मुआवजा को बढ़ाया गया है। गंभीर चोट लगने की स्थिति में 12500 रुपये से लेकर 50000 रुपये और मृत्यु की स्थिति में 25000 रुपये से लेकर 200000 रुपये तक के मुआवजे को बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों के लिए राज्य स्तर पर न्यायाधिकरण में दर्ज किये जाने का प्रावधान है।

### 22 मार्च को कलश स्थापना, पहले दिन मां शैलपुत्री की होगी पूजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व 22 मार्च से नौ दिनों के लिए प्रारंभ होगा, जो 30 मार्च तक चलेगी। चैत्र नवरात्रि शुरू होने के साथ ही नया हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत भी शुरू हो जायेगा। नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त के साथ नवरात्रि का प्रारंभ होता है।

# एग्रीको मैदान से निकलेगी शहीदों के सम्मान में अखंड तिरंगा यात्रा : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहीदों के सपनों को संस्था नमन के द्वारा आयोजित अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा का 23 मार्च को भव्य किया जाना है। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। सोमवार को संस्था के संस्थापक सह पूर्व भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया नमन परिवार के द्वारा शहीदों के सम्मान में अखंड तिरंगा यात्रा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से सुबह 9.55 बजे आरंभ होगी। इससे पूर्व मैदान में नौ बजे से यात्रा में शामिल होने वाले लोगो की जुटान होगी। यात्रा में शहर के असंख्य युवा एवं राष्ट्रभक्त शामिल होंगे।यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बैठक की जा रही है। लोगों ने भरोसा जताया यह यात्रा अभूतपूर्व होगी। उन्होंने बताया 23 मार्च को शहादत दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। इसी दिन भारत माता की आजादी के लिए देश के वीर पुरुष भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने अपना बलिदान दिया। अंग्रेजों ने उन्हें फांसी दे दी थी। सन 2016 में जेएनयू भारत माता तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसे राष्ट्र विरोधी नारे लगाये गये थे, उसी के प्रतिवाद में नमन संस्था का गठन किया गया था। बीते दो वर्षों में कोरोना प्रतिबंधों के चलते सार्वजनिक रूप से यात्रा नहीं निकाली गयी। इस वर्ष लोगों में यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। यात्रा का मार्ग एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से एग्रिको चौक, भालुबासा चौक, काशीडीह चौक, साकची सब्जी बाजार, साकची गोल चक्कर, बसंत सिनेमा चौक, 9 नंबर बस स्टैंड होते हुए हावड़ा ब्रिज, आरडी टाटा चौक, पुलिस लाइन, गोलमुरी आकाशदीप चौक है। वहां से पुनः एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान पर आकर यात्रा की समाप्त होगी। समापन के समय यात्रा में शामिल सभी राष्ट्र भक्तों के लिए भोग प्रसाद की व्यवस्था की गयी है। यात्रा में शामिल होने के लिए देश के नामचीन कलाकारों में भजन सम्राट अनूप जलोटा, कैलाश खेर, लखबीर सिंह लक्खा, मनोज तिवारी आदि ने अपनी अपील जारी की है। यात्रा के कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए मंगलवार से शहर में वाहन पर लाउडस्पीकर में प्रचार किया जाएगा। उन्होंने बताया यात्रा का एकमात्र उद्देश्य वीर बलिदानों के सपनों को जिंदा रखना है। युवा शक्ति को राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से वाकिफ कराना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीआइडी ने लाखों की ठगी करनेवाले तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने पांच लाख 18 हजार 801 रुपये की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए साइबर अपराधियों में गिरिडीह जिले के बॉबी कुमार मंडल, कुणाल कुमार राम और विनोद कुमार मंडल शामिल हैं। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, एक चेकबुक, एक पैनकार्ड, दो आधार कार्ड और आठ लाख 29 हजार 550 रुपए नगद बरामद किये हैं। सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रहनेवाले प्रवीण साहू से पांच लाख 18 हजार 801 रुपये की ठगी की थी। इसे लेकर 28 फरवरी को साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था। गुप्ता ने कहा कि इस कांड को करने के लिए साइबर अपराधियों द्वारा एसएमएस कोड एडी 789784 से एक फिशिंग एसएमएस शिकायतकर्ता के मोबाइल में भेजा गया था। जब शिकायतकर्ता ने दिये गये लिंक पर क्लिक किया तो एसबीआई योनो इंटरनेट बैंकिंग का फेक एप्लीकेशन उनके फोन में इंस्टॉल हो गया। जब शिकायतकर्ता ने उस एप्लीकेशन को खोलकर अपने इंटरनेट बैंकिंग में लॉगिन किया तो साइबर अपराधियों द्वारा उनका इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित यूजर आईडी, पासवड, ओटीपी के माध्यम से ठगी कर ली। इस कांड में इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर गृह मंत्रालय भारत सरकार सहायता से संबंध स्थापित करते हुए इस कांड में तकनीकी जांच एवं अनुसंधान के बाद संलिप्त साइबर अपराधियों को चिन्हित किया गया। इसके बाद सीआईडी ने इन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एडीजी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी विनोद मंडल और कुणाल कुमार राम के खिलाफ गिरिडीह में पूर्व में भी मामला दर्ज है।

### राज्य सरकार पिछड़ी व एससी के साथ आरक्षण रोस्टर में कर रहा है भेदभाव: उपेंद्र

रांची (आजाद सिपाही)। अंनु जाति महासभा के राष्ट्रिय महासचिव उपेंद्र कुमार रजक पिछड़ी जाति उत्थान परिषद के उपाध्यक्ष कमलेश यादव सचिव सुरेन्द्र पासवान ने सरकार द्वारा जारी जिलावार आरक्षण रोस्टर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार राज्य में रह रहे एएसी एंव पिछड़ों का वस्ताविक संख्या नहीं दश?या है। जबकि राज्य मे 55 प्रतिशत पिछड़ी व 13.5 प्रतिशत अंनु जाति कि जनसंख्या है। लेकिन सरकार ने काई जिलों में पिछड़ी की संख्या शुन्य व एससी का भी कम दिखाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में जनसंख्या गणणा कराये तभी आरक्षण रोस्टर जारी करें तभी वस्तविक डाटा सामने आयेगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण रोस्टर व गलत जनसंख्या के खिलाफ अंनु जाति व पिछड़ी जाति संगठन के लोग गोलबंद हो कर जल्द आनदोलन करेगा।

### ओबीसी समुदाय के हक अधिकार दिलाने में विफल विधायक इस्तीफा दें : राजेश गुप्ता




रांची (आजाद सिपाही)। सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य और ईडब्ल्यूएस (सवर्ण जाति) का आरक्षण 10% किस आधार पर नीति बनायी गयी है, सरकार जवाब दे। राज्य में जिला स्तरीय पदों पर नियोजन के लिए सरकार ने सभी जिलों में आरक्षण रोस्टर लागू कर दिया है। जिसमें स्पष्ट है कि ओबीसी वर्ग के साथ सरकार ने घोर भेदभाव किया है। अधिसूचित क्षेत्र के सात जिलों में भी ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जबकि वहीं ईडब्ल्यूएस का आरक्षण 10% दिया जायेगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सरकार से इस तुगलकी आरक्षण सिस्टम के खिलाफ मांग करता है कि अविलंब रोस्टर में सुधार किया जाये और ओबीसी आरक्षण भी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा के अनुसार 50% दिया जाये। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि सभी दलों के ओबीसी विधायक, ओबीसी समुदाय के अधिकार दिलाने में विफल साबित हुए हैं। कहा कि उन्होंने ओबीसी समुदाय को केवल प्रयोग किया है। इसलिए वे अविलंब इस्तीफा दें और माफी भी मांगें। सवाल है कि वे सात जिले जहां ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिये गये हैं, उनमें लातेहार, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और दुमका जिले के नाम शामिल हैं। इन जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य क्यों किया गया? आखिर ओबीसी विधायकों के रहते सदन में आवाज बुलंद क्यों नहीं हुई? श्री गुप्ता ने कहा कि यह कैसी विडंबना है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में भी ओबीसी समुदाय को को उनका हक अधिकार नहीं मिला, ऐसे में उम्मीद थी कि वर्तमान यूपीए की सरकार में ओबीसी समुदाय के साथ इंसाफ होगा और उन्हें उनका हक और अधिकार मिलेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, प्रमोद कुमार, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा उपस्थित थे।

## दिनेश भर दर्जनों समर्थकों के साथ यूसीडब्ल्यू में हुए शामिल




**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के एनके एरिया सचिव दिनेश भर अपने कई सदस्यों-समर्थकों के साथ सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन में शामिल हो गए हैं। इस दिन यूसीडब्ल्यू डकरा यूनियन कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन को छोड़कर आए सभी सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। दिनेश भर सहित सभी सदस्यों ने औपचारिक रूप से यूसीडब्ल्यू के सदस्य बनने की घोषणा की। दिनेश भर ने कहा कि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के साथियों के साथ तालमेल नहीं बन पाने के कारण यूनियन को छोड़ना पड़ा। यूसीडब्ल्यू के कार्य से प्रभावित होकर इसमें शामिल हुआ हूं। मैं निरंतर संगठित और असंगठित मजदूरों के हित का काम करता रहूंगा। इस मौके पर यूसीडब्ल्यू के एरिया सचिव प्रेम कुमार, एरिया अध्यक्ष कृष्णा चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष अमृत भोक्ता, सीताराम शाही, अशोक राम ने सभी नए सदस्यों का माला पहना कर स्वागत किया। यूसीडब्ल्यू में शामिल होने वाले नए सदस्यों में वीरेंद्र कुमार, रविंद्र यादव, कृष्णा गंझू, संतोष कुमार, राम चंद शर्मा, नारायण चौहान, प्रमोद गिरी, कृष्णा शर्मा, चंदन कुमार, रियाजुदीन अंसारी, राम दयाल, बिनोद उरांव, दीपक सिंह, कामेश्वर गंझू, एंटोनी तिग्गा, अनिल टोप्पो, बबलू लोहरा, जफरूल खान, समसूल अंसारी, अमानत अंसारी, संजय कुमार सिंह, सुरेश सिंह, कैलाश यादव, मुकेश और भूषण लोहरा का नाम शामिल है।

## वन अधिकार कानून को लेकर तुमांग में लगा साइन बोर्ड



**खलारी (आजाद सिपाही)।** वन अधिकार अधिनियम को लेकर तुमांग पंचायत भवन में मंजु देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें सूर्यमणि भगत, विजय भगत, हजारी प्रसाद गंझू, मुखिया संतोष कुमार महली, धर्मेश भगत उपस्थित थे। उक्त ग्राम सभा में वन आधिकार कानून की धारा तीन एवं धारा पांच के तहत अपने गांव सीमाना का वन संसाधनों के संरक्षण संवर्धन और प्रबंधन का आधिकार के लिए तुमांग ग्राम सभा द्वारा साइन बोर्ड गाड़ने के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों को वन अधिकार कानून को लेकर जानकारी दी गई। इसके बाद उपस्थित वन अधिकार समिति के सदस्यों ने रैली निकालकर तुमांग ढुब में वन अधिकार अधिनियम 2006 का साइन बोर्ड लगाया। इस मौके पर शिवनाथ भोगता, लालमणि भोगता, रवि भोगता, छोटन भोगता, कलमतिया भोगता, सुषमा देवी, रूबी देवी, पनवा देवी, शिलू देवी, उगनी देवी, खुस्बू भोगता, निर्मला देवी, शुक्रमनी देवी, टेपी देवी, मंजू देवी, फुलमनिया देवी, बिलासो देवी, चरकी देवी, पारो देवी, मेहनतीं देवी, संजू देवी, रूपा कुमारी, पूजा देवी, जह्नवा देवी, जतरी देवी, मोनिका कुमारी, मीना कुमारी, सोना देवी, झनो देवी, सुभाषों देवी, पूजा कुमारी, जीरवा देवी, राजो देवी, अनीशा देवी, अनीता देवी, बसंती देवी, गिरजी देवी, सविता देवी, फुलकुमारी देवी, मंजु देवी, संगीता देवी, जीरवा देवी, सूरजमानी देवी, सोनू कुमार, रवि कुमार, श्रवण भोगता, अरुण गंझू, रिझु गंझू, अजय गंझु, नीरज गंझु, महावीर भोगता और सुमित गंझु आदि मौजूद थे।

## कमलेश सिंह बने जमसं के सीसीएल अध्यक्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया के डकरा निवासी व सीसीएल जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह को जनता मजदूर संघ (जमसं) का सीसीएल अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, बीएंडके एरिया के सचिव ओमप्रकाश सिंह टीनू को सीसीएल सचिव मनोनीत किया गया है। दोनों ही संघ के केंद्रीय सचिव भी हैं। संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम सोमवार को सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद को एक पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। महामंत्री ने दोनों नेताओं को सीसीएल कमेटी बनाने का निर्देश भी दिया है। ज्ञात हो कि छह महीने पूर्व महामंत्री ने सीसीएल की रीजनल कमेटी को भंग कर दिया था। दोनों के मनोनयन पर संघ के रविंद्र नाथ सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, डीपी सिंह, सेतुबांध सिंह, अमरनाथ यादव, चुरामन दास, आशिष दूबे, श्रीप्रसाद, निर्मल सिंह, आनंद सिंह, अजय चौहान, बुटन चौहान, टूपा महतो, तापेश्वर यादव, शंभू गंझू, संतोष कंचन महतो, ओमप्रकाश शर्मा, अमिताभ चौहान, गणेश शर्मा, बिरजू लोहार, प्रभु गंझू, बिरेन पासवान, संजय कुमार, कन्हाई गंझू, एसएन मेहता, गुल्फी देवी, चंद्र भूषण सिंह, निरंजन चौबे, विजय प्रताप, प्रताप यादव,संदीप सिंह छोटू आदि ने बधाई दी है। वहीं, जमसं के नवनियुक्त रीजनल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं महामंत्री के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। सबको साथ लेकर चलते हुए संगठन का विस्तार मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होनें कहा कि कोयला मजदूरों में श्रमिक संगठनों के प्रति जो असंतोष का भाव घर कर गया है उस अविश्वास की स्थिति को संगठन अपने काम के दम पर भरोसे में बदलने के लिए रीजनल कमेटी बनाई जाएगी।

## वृंदावन नवकुंज धाम तेतला में आयोजित अखंड कीर्तन के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** वृंदावन नवकुंज धाम तेंतला में आयोजित नवकुंज अखंड हरिनाम कीर्तन के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। कीतर्न में उपस्थित अतिथियों को आयोजक प्रमुख नरेश कोईरी, करम कोईरी, हरिचरण कोईरी द्वारा सम्मानित किया गया। अंतिम दिन योग ऋषि स्वामी रामदेव के शिक्षा साध्वी उर्मिला जी, अचार्यकुलम स्कूल के प्रधानाचार्य सुजाता कौर, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, तुषार कांत चौधरी, प्रवीण भारद्वाज, फनी भूषण सिंह मुंडा, तुलसी प्रसाद महतो, समाजसेवी विश्वनाथ महतो, प्राचार्य राजेंद्र महतो, चौधरी महतो, पंकज गोस्वामी शिवचरण गोस्वामी, दिलीप साहू, मनोज कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे। नवकुंज अखंड हरिनाम कीर्तन का मंगलवार की सुबह घुलट के साथ संपन्न होगा। छप्पन भोग एवं महा भंडारा के साथ आयोजन का समापन होगा। पुजारी रविंद्र नाथ पाण्डेय और दलगोविंद दास आरती कराते है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव मिथिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष भोलानाथ दास गोस्वामी, महावीर कोईरी, राहुल कोईरी, दामोदर कुमार आदि सक्रिय भूमिका में हैं।

### रामनवमी, सरहुल एवं रमजान को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर भवन में सोमवार को रामनवमी, सरहुल और रमजान को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। बैठक में एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अनिकेत सचान, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के अलावा जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, महामंत्री, विभिन्न सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों, विभिन्न अखाड़ों के सदस्य और रामनवमी शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। मौके पर विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने रामनवमी त्योहार आपसी सौहार्द्र और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी पर पर्याप्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यह पर्व आस्था और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। रामनवमी पर्व के दौरान अक्सर अफवाहों के कारण तनाव, विधि-व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोग।

डीसी ने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेवारी है कि जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्योहार संपन्न करायें। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह से बचें। त्योहार के मद्देनजर पूरे जिले में तैयारी कर ली गई है। क्षेत्र में ड्रोन सर्विलांस से निगरानी की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न शांति समिति के सदस्यों ने भी त्योहार के मद्देनजर व्यवस्था को लेकर अपनी बातें रखीं। इस पर डीसी द्वारा व्यवस्था किये जाने की बात कहीं। उन्होंने समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों से उनके सम्बन्धित जुलूस के लीडर एवं वॉलनटिअर्स के नाम, मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी आवश्यक परिस्थितियों में संबंधित लोगों से संपर्क कर समन्वय स्थापित किया जा सकता है। डीसी ने बैठक में उपस्थित सभी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अपील की कि एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में आप सभी का भरपूर सहयोग जिला प्रशासन को मिलेगा। इस दौरान डीसी ने बिजली, पानी, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। निबंधित सभी अखाड़ा के अध्यक्ष एवं सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए उनके द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूस के मार्गों का निरीक्षण और निगरानी की जाएगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यालय में कंट्रोल रूम का संचालन किया जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसपी ने समिति के सदस्यों से अपील की कि आप सभी ने जिले में पूर्व की त्योहारों को अनुशासन के साथ मनाया है। उम्मीद है कि इस पर्व में भी आप सभी का सहयोग जिला प्रशासन को मिलेगा।

## ट्रक ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी तमाड़ मुख्य पथ पर सायको थानांतर्गत कीताहातू टावर के समीप सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो में सवार कूड़ापूर्ति गांव निवासी बुधु पहान (45) की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में कूड़ापूर्ति गांव के ही जदिराय मुंडा (20) चंपा देवी (45), संजय मुंडा (3) और सुधीर मांझी (62) शामिल हैं। सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सभी का इलाज खूंटी सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कूड़ापूर्ति गांव से यात्रियों को लेकर खूंटी की ओर आ रहे ऑटो को तमाड़ की ओर से खूंटी की ओर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो पलट गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बुधु पहान को मृत घोषित कर दिया। सायको थाना की पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है।

# झारखंड सरकार के पास धान बेचकर पछता रहे किसान, अब तक पूरी रकम का भुगतान नहीं

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरकार के धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान देकर अन्नदाता किसान पछता रहे हैं। लैंपस में अधिकतर किसानों ने जनवरी महीने तक धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान बेच दिया था, लेकिन उन्हें मात्र 50 फीसदी रकम का ही भुगतान किया गया है। जानकारी के अनुसार फरवरी महीने में लैंपस में धान बेचने वाले किसानों को तो फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। तोरपा लैंपस के निदेशक हेमंत गुप्ता ने बताया कि कुछ किसानों को आधी रकम का भुगतान किया गया है, लेकिन कुछ किसानों को एक पैसा भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान लैंपस में आते हैं और निराश होकर लौट जाते हैं। बताया गया कि खूंटी जिले में विभिन्न लैंपस के माध्यम से 14 हजार 328.30 क्विंटल धान किसानों से ली गई है। जिसके एवज में किसानों को एक करोड़ 86 लाख 14 हजार 866 रुपये का भुगतान करना है। इसमें एक करोड़ 11 लाख 82 हजार 229.40 रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है, जो कुल देय राशि का 76.51 फीसदी है। इसी प्रकार सरायकेला-खरसांवा जिले में दो करोड़ 82 लाख 67 हजार 188.60 रुपये का भुगतान किसानों को करना है। यहां 27 हजार 712.10 क्विंटल धान की खरीदारी हुई है। धनबाद जिले में किसानों को 33 लाख 42 हजार 333 रुपये का भुगतान नहीं मिला है। पाकुड़ जिले में 46 लाख छह हजार 65 रुपये, पालामू में 22 करोड़ 84 लाख आठ सौ रुपये का भुगतान सरकार ने नहीं किया है। सबसे अधिक बकाया पश्चिमी सिंहभूम जिले के किसानों का है। इस जिले में 49 करोड़ 91 लाख 77 हजार 636.80 रुपये का भुगतान किसानों को नहीं किया गया है। वहां चार लाख 89 हजार 389.84 क्विंटल धान की खरीदारी हुई है। इसी प्रकार गढ़वा जिले के एक करोड़ 54 लाख 13 हजार 209 रुपये का भुगतान किसानों को करना है। भुगतान नहीं मिलने पर तोरपा प्रखंड के मरचा गांव निवासी किसान सूरज कुमार ने कहा कि उन्होंने 48 क्विंटल धान लैंपस में दिया है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। रकम नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। उसी गांव के आशुतोष साहू, मनोज केसरी, धनंजय केसरी सहित अन्य किसान कहते हैं कि वे सरकार के पास धान बेचकर पछता रहे हैं। महाजन भी लगभग इसी दर पर धान की खरीदारी कर रहे थे और उसका भुगतान भी तुरंत हो जाता है। किसानों का कहना है कि भुगतान में विलंब कोई नई बात नहीं है। इसी कारण किसान अपने उपाद को सरकार को न बेचकर महाजनों के पास बेच देते हैं। प्रायः हर साल किसानों को भुगतान की समस्या का सामना करना पड़ता है।







### लैंपस अध्यक्ष को जानकारी नहीं

किसानों को धन के मूल्य का भुगतान नहीं होने के संबंध में पूछे जाने पर तोरपा लैंपस के अध्यक्ष एडोल्फ सामसोन टोपनो कहते हैं कि जनवरी तक जिन किसानों ने धान दे दिया था, उन्हें 50 फीसदी राशि का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन बाद में धान बेचने वालों को भुगतान हुआ या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि धान के क्रय मूल्य की 50 फीसदी राशि का भुगतान तुरंत हो जाता है और शेष राशि का भुगतान बिल जमा करने के बाद होता है। लैंपस द्वारा काफी पहले ही बिल जमा किया जा चुका है।

### विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर सिविल सर्जन कार्यालय में सेमिनार का आयोजन

# खानपान में बदलाव और लापरवाही मुंह कैंसर का मुख्य कारण : डॉ खलखो

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खानपान में बदलाव एवं मुख की देखरेख में लापारवाही के कारण लोगों के मुंह में संक्रमण और मुख कैंसर में बेतहाशा वृद्धि हुई है। लोगों को अपने मुख की देखरेख के प्रति सचेत रहना चाहिए। सुबह-शाम ब्रश करना चाहिए। ये बातें खूंटी के सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने कही। वे सोमवार को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन करने के बाद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय से मुंह में छाले पड़े हों, गाल में गांठ या सूजन हो, जीभ या गले के अंदर लाल या सफेद दाग हो और चबाने या निगलने में कठिनाई हो, जबड़े या जीभ को हिलने में कठिनाई हो और मुंह को खोलने में कठिनाई हो, आवाज में बदलाव या बोलने में कठिनाई हो या वजन में कमी हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। वहीं, डॉ जोहानी ने कहा कि किसी भी हालत में तंबाकू का सेवन धूम्रपान या गुटका का सेवन सुपारी चबाना, शराब का सेवन मुख कैंसर के मुख्य कारण हैं। डॉ मुकेश ने मुंह की खुद जांच करने के तरीके के बारे में बताया। कहा कि यदि जांच के दौरान कोई असमानता पाई जाती है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इस मौके पर डीपीएम कानन वाला तिर्की, डीडीएम श्वेता सिंह, डीएएम विकास सिंह, सुनीता दास, डीपीसी डॉ उदयन शर्मा, डॉ जोहानी अनिरूद्ध, एसटीटी चंदन सिन्हा आदि मौजूद थी। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली निकाली गई। एसीएमओ रजनी नीलम टोप्पो ने हरी झंडी दिखाकर रैली कों रवाना किया।




जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो।

## विधायक सुदेश महतो ने कस्तूरबा गांधी स्कूल में रखी योजनाओं की आधारशिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विधायक मद से बनने वाले चबूतरा एवं कपड़ा धोने का प्लेटफार्म का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की छात्राओं ने पढ़ाई के साथ ही खेल व कला के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की है। विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार का प्रयास हो रहा है। जल्द ही इस विद्यालय में विज्ञान संकाय की पढ़ाई की भी शुरूआत होगी। साथ ही अलग से कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान छात्राओं ने विधायक का स्वागत किया और बैंड की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम का संचालन वार्डन अल्मा मेरी रुंडा ने किया। इस मौके पर जयपाल सिंह, वीणा चौधरी, अंजना देवी, लाल सिंह मुंडा, सुभाष महतो, अशोक महतो, शंभु महतो, रमेश महतो, शशि रंजन महतो, त्रिलोचन महतो और विकाश महतो आदि उपस्थित थे।

## वाहन के धक्के से महिला की मौत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर तुंजू मोड़ के पास वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक महिला सोनाहातु सेरेंगहातु की रहने वाली थी। उसका ससुराल रागड़ाबड़ाम है। घटना सोमवार की शाम की है। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को उठाकर थाना ले गयी है, जिसे मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जायेगा।

## स्व. दलगोविंद जयंती समारोह का आयोजन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** दलगोविंद स्मारक समिति की ओर से सोमवार को सिल्ली थाना के समीप स्व दलगोविंद जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू के केंद्रीय नेता सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, अरविंद कुशवाहा, नरोत्तम गोरांई, भादुड़ी गोरांई, पतित पावन साहू के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, गांव के प्रबुद्ध ग्रामीण और समिति के सदस्यों ने दल गोविंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन गोपाल केडिया और समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन कमल किशोर कुशवाहा ने किया। इस मौके पर आजसू के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, भरत देव साय, निर्मल मंडल, ललित कोइरी, विजय कोइरी, विमल कुमार, पंकज साहू, हेमंत नायक, बादल मुंडा, सुरेश मुंडा, मोहम्मद फारुख, संजय कोईर समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बचरा में सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा श्रमिक क्लब में सरहुल की पूर्व संध्या पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय के अलावा अशोक परियोजना के खान प्रबधंक एस सत्यानारायण, कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा, राजेंद्र कश्यप, सदानंद टोप्पो, समाजसेवी गीता एक्का आदि मौजूद थे। अतिथियों ने सामूहिक रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्राकृतिक पर्व सरहुल पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने कहा कि प्राकृतिक पर्व सरहूल राज्य का प्रमुख त्योहार है जिसे आज भी हम सभी उत्साह के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान मादंर की थाप पर अतिथियो ने पारंपरिक नृत्य किया। वहीं, समारोह में रंगारंग सास्कृंतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बाहर से आये कलाकारो ने नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर आयोजन समिति के आनंद मुंडा, अजेश मुंडा, धनंजय मुंडा, अशोक कुजूर, उमेश उंराव, रमेश भगत, भोला मुंडा, जुलियस टोप्पो, जोनसन तिर्की, गौरव हेम्ब्रम, जीतु तिर्की, फागु भगत, जटु भगत, ईश्वर पाहन, प्रमोद तिर्की, विरेंद्र महतो और संतोष दास आदि मौजूद थे।

## 22 को बाबा आम्रेश्वर धाम में होगी श्रृंगार पूजा और महा आरती

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विक्रम संवत 2080 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के मौके पर 22 मार्च से वासंतिक नवरात्र की शुरूआत होगी। उस दिन बाबा आम्रेश्वर धाम सहित कई मंदिरों और घरों में कलश स्थापना के बाद चंदी पाठ शुरू होगा। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को दुर्गा मंदिर में सुबह 8.44 के बाद पुजारी सच्चिदानंद शर्मा द्वारा कलश स्थापना एवं नवरात्रि पूजन प्रारंभ किया जाएगा। बताया कि बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा विक्रम संवत 2080 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर बाबा मंदिर में विशेष श्रृंगार पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस पूजन एवं आरती में समिति के सदस्यों और जिला के डीसी शशि रंजन और एसपी अमन कुमार सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे। पूजन एवं आरती के बाद भोग का वितरण किया जाएगा।

## मकान में आग लगने से हजारों का सामान खाक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा रोड स्थित कटहल टोली बस्ती में सनिका टोपनो के मकान में बतौर किराएदार रहनेवाली रोशनी हेरेंज के आवास में सोमवार को आग लग गई। जिससे हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही तुरंत घटना की सूचना खूंटी के उप प्रमुख सेवानिवृत्त मेजर जितेंद्र कश्यप को दी।

## ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष ने ग्रामीण एसपी से मिलकर सरहुल मिलन समारोह में आने का दिया न्योता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आगामी 27 मार्च को इइएफ ग्राउंड टाटीसिलवे में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव हैं, जबकि विशिष्ठ अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ एवं विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहेंगे। सोमवार को आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक व ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने ग्रामीण एसपी नौशाद आलम से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की तथा सरहुल मिलन समारोह में बतौर अतिथि शामिल होने का न्यौता दिया। मौके पर रामचरण पहान आदि मौजूद थे।

## हिंदू नववर्ष धूमधाम और आस्था के साथ मनायें : दिनेश मिश्रा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड मंत्री दिनेश मिश्रा ने सभी सनातनियों से 22 मार्च को हिन्दू नववर्ष धूमधाम व आस्था के साथ मनाने का आहवान किया है। कहा कि हिन्दू नववर्ष चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा आदिकाल से चली आ रही है। नववर्ष के दिन समस्त सनातनी भाई-बहन प्रातः काल में अपने निकट के मंदिरों में जाकर पूजापाठ करने के उपरांत भोग का वितरण करेंगे। दोपहर में भंडारा एवं संध्या काल में रंगोली के साथ दीपक जलाकर संध्या आरती भी करेंगे। उन्होंने समस्त सनातनियों को हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

## सिरका पंचायत से हिंदू धर्मावलंबियों का जत्था तीर्थ यात्रा के लिए हुआ रवाना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सोमवार को सिरका पंचायत से वरिष्ठ हिन्दू धर्मावलंबियों के एक जत्थे को द्वारका और सोमनाथ दर्शन के लिए रवाना किया गया। सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुण्डा एवं पंसस सावित्री देवी ने यात्रा में शामिल सतमु महतो, सोहन महतो, समेनाथ महतो, बिहारी महतो एवं कलेश्वर महतो को श्री शिव हनुमान मंदिर सिरका के प्रांगण से रांची रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। रवाना होने से पूर्व तीर्थ यात्रियों नें मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा भगवान से मंगलमय यात्रा का आशीर्वाद मांगा।

## ज्योतिष महतो महाबीर मंडल समिति गोंदलीपोखर के अध्यक्ष बने

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर शिव मंदिर परिसर में सोमवार को महाबीर मंडल समिति गोंदलीपोखर की एक बैठक अध्यक्ष रंथा महली की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में पूर्व की कार्यकारिणी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से ज्योतिष महतो महाबीर मंडल समिति गोंदलीपोखर के नये अध्यक्ष चुने गये। वहीं उपाध्यक्ष विक्की सोनी, अगमलाल महतो, राजेन्द्र महतो, रामसाय मुण्डा, रामेश्वर महतो, नरेश साहू, महासचिव राजेन्द्र मुण्डा, रामपद महतो, सचिव राजू महतो, विरेन्द्र सिंह भोगता, उपसचिव सुप्रेश महतो, जगरनाथ महतो, संगठन मंत्री रंजीत केशरी, जलेश्वर महतो मार्शल, प्रचार मंत्री शिवशंकर केशरी, कोषाध्यक्ष विक्की गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, स्वागत अध्यक्ष साहेबराम महतो, संचालन राजेन्द्र मुण्डा, मनोज चौधरी, मुख्य संरक्षक डॉ अमर कुमार चौधरी, रामकुमार पाहन, रंथा महली, संरक्षक नीलकंठ चौधरी, ललीत चौधरी, अरूण महतो, रामकृष्ण चौधरी, डॉ रिझू नायक, श्रवण कुमार चौधरी, दीपक सोनी, सागर साहू, काशीनाथ साहू, हरेकृष्ण चौधरी, गोवर्धन महतो, रोशनलाल मुण्डा, अजय कुमार महतो, शिवशंकर केशरी, आनंद केशरी, कारीनाथ महतो, एवं देवब्रत चौधरी बनाए गये। इसके अलावा स्वागत अध्यक्ष, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव किया गया। बैठक का संचालन डॉ रिझू नायक ने किया।

## ओरमांझी में अवैध शराब फैक्ट्री में पड़ा छापा 108 पेटी शराब जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के उकरीद में तरंगिणी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अवैध तरीके से चल रही शराब बोटलिंग प्लांट में उत्पाद विभाग के सह आयुक्त आरएल रबानी ने गुप्त सूचना पर छापामारी की। संबंधित विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध तरीके से एसी ब्लैक नाम की शराब की बॉटलिंग की जाती थी। फैक्ट्री के पास से पिकअप में 108 पेटी शराब बरामद किया गया है। एक कंटेनर खाली बोतल से भरा हुआ है। एक आई 10 कार भी बरामद की गयी है। शराब फैक्ट्री में कार्यरत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फैक्ट्री मालिक सुबोध राय अधिकारी को चकमा देकर निकल गया।

## ओरमांझी थाना में सरहुल और राम नवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर ओरमांझी में सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विजय कुमार सोनी ने की। बैठक में सभी सम्प्रदाय के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बैठक में आए हुए सभी लोगों ने एक स्वर में आपसी भाईचारे के साथ दोनों पर्वों के साथ माहे रमजान में भी योगदान देने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ विजय कुमार सोनी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, प्रमुख, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविन्द साहू, मुंतजिर अहमद रजा, सत्तार अंसारी, इम्तियाज ओहदार, सत्य नारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू, अशोक कुमार गुप्ता, रमेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेमनाथ मुंडा, दुर्गा शंकर साहू, बनवारी लाल साहू, अलखनाथ महतो, प्रकाश चौधरी, दिगम्बर महतो, अफताब आलम, दीपक बड़ाइक, भोला साहू, कुंदन साहू आदि उपस्थित थे।

## मांडर पुलिस ने विभिन्न मामलों के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर वर्ष 2016 से यौन शोषण के अभियुक्त ननतिलो कुडू निवासी सरवर अंसारी, मांडर थाना, कांड संख्या 45/23 तथा मांडर थाना कांड संख्या 43/23 में मारपीट के अभियुक्त झिंझरी, मांडर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही पांच विभिन्न कांडों के वारंटी हकीम अंसारी, एनामुल अंसारी, साजिद अंसारी उर्फ मदारी तीनों बाजार टांड़ मांडर निवासी, गढ़मी निवासी होसने उरांव, मेशाल निवासी महफूज अंसारी को भी गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।

**आरोप :** बाढ़ू पंचायत की मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, कहा

# मुखिया की तानाशाही से सभी पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकारों से हैं वंचित

**पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ से मुखिया सुनीता देवी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की लगायी है गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** प्रखंड के बाढ़ू पंचायत की मुखिया संगीता देवी पर पंचायत के ही उप मुखिया और वार्ड सदस्यों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी से की है। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि बाढ़ू पंचायत के मुखिया सुनीता देवी की कार्यशैली और तानाशाही से हम सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकारों से वंचित हैं। पंचायत की वर्तमान मुखिया सुनीता देवी के बजाय पूर्व मुखिया रामेश्वर महली ही पंचायत के सभी सरकारी कार्य को चला रहे हैं और इसकी सहमति वर्तमान मुखिया सुनीता देवी की है। इसके अलावे भी हमलोग सभी वार्ड सदस्यों को मुखिया के द्वारा अनदेखी की जा रही है। सरकार के द्वारा जितनी भी योजनाएं चलायी जा रही हैं इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं दी जाती, ना ही ग्रामसभा की सूचना दी जाती है। पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया द्वारा अपने दलालों से मिलकर ही घर बैठे ग्रामसभा कर लाभुकों और योजनाओं का चयन कर प्रखंड को भेज दिया जाता है। हम लोग पंचायत में चुने हुए प्रतिनिधि हैं। जनता की समस्या हम लोगों के पास आती है। लेकिन पंचायत के मुखिया सुनीता देवी की तानाशाही रवैया और हम लोगों को नजरअंदाज करने से सही लाभुकों का चयन नहीं हो पाता और योजनाएं भी धरातल पर नहीं उतर पा रही है। पंचायत भवन पर हमेशा ताला जड़ा रहता है। पंचायत भवन बंद रहने से पंचायत के ग्रामीणों को काफी समस्या होती है। कोई भी काम के लिए मुखिया के घर जाना पड़ता है। बाढ़ू पंचायत के उप मुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी से बाढ़ू पंचायत की मुखिया सुनीता देवी पर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। शिकायत करने वालों में पंचायत के उप मुखिया जावेद आलम सह वार्ड सदस्य-9, शांता लिंडा वार्ड नम्बर-14, नागमतिया देवी वार्ड नम्बर-10, सुषमा देवी वार्ड सदस्य-2, मजिदन खातून वार्ड नम्बर-2, बसन्ती देवी वार्ड नम्बर-8, सीता हेमरोम वार्ड नम्बर-15, भिन्सारी बेग वार्ड नम्बर- 4, तरन्नुम अहमदी वार्ड नम्बर-6 शामिल हैं। इस संबंध में बीडीओ शिलवंत भट्ट ने बताया कि मुखिया की शिकायत मिली है। शिकायत की जांच की जाएगी।

### सभी आरोप निराधार, मुझे बदनाम करने की हो रही है कोशिश : मुखिया

**इस पूरे मामले पर बाढ़ू पंचायत की मुखिया सुनीता देवी से फोन पर बात की गयी तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये तमाम आरोप निराधार हैं। मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में मैं शिकायतकर्ताओं से बात करती हूं।**

# केंद्रीय विवि की गलत नीतियों का होगा विरोध : अनूप महतो

**चेड़ी, मनातू और सुकुरहुट्टू के 200 गरीब भू-रैयतों को नहीं मिला मुआवजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** मनातू गांव कांके की जमीन रैयतों की बैठक में समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा है कि मनातू चेड़ी में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय की गलत नीति एवं सिद्धांतों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। अनूप कुमार महतो की अध्यक्षता में मनातू गांव में भू-रैयतों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अनूप कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार दोनों एक ओर आदिवासी किसानों की हिमायती बनती है और दूसरी ओर आदिवासी किसानों को हमेशा प्रताड़ित करती रहती है। बीते 10 वर्षों से यहां करोड़ों की लागत से विश्वविद्यालय बिल्डिंग बन रही है। अब लगभग निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। विश्वविद्यालय प्रबंधन कहता है कि रैयतों को पैसा देने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। वहीं करोड़ों की लागत से बिल्डिंग बनती चली जा रही है। आज तक किसी रैयत को फूटी कौड़ी नहीं मिली है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय कर्मचारियों की बहाली में भी विस्थापित नियमावली का पालन नहीं किया जाता है। पिछले 10 वर्षों में विश्वविद्यालय के कई अफसर अपने लोगों को काम दिलाने में फंस भी चुके हैं। अनूप कुमार महतो ने कहा कि विश्वविद्यालय में धीरे-धीरे दलाल हावी होते जा रहे हैं। कोई रैयत किसानों एवं आदिवासियों की हित की बात नहीं करता। चूकि विश्वविद्यालय में चेड़ी, मनातू और सुकुरहुट्टू के 200 गरीब रैयत आदिवासी किसान प्रभावित हुए हैं। उनको मुआवजा राशि दिलाना एवं कर्मचारी बहाली में चेड़ी मनातू के गरीब आदिवासी रैयतों को प्राथमिकता देना विश्वविद्यालय प्रबंधन का दायित्व एवं कर्तव्य है। यदि विश्वविद्यालय प्रबंधन इस दिशा में जल्द से जल्द सार्थक पहल नहीं करता है तो चेड़ी, मनातू और सुकुरहुट्टू के ग्रामीण मिलकर संवैधानिक तरीके से पुरजोर एवं जोरदार आंदोलन करेंगे। वहीं अनूप कुमार महतो ने कहा कि पूर्व भूराजस्व मंत्री सह टुंडी विधायक सचेतक सत्तारूढ़ दल मथुरा प्रसाद महतो ने अपनी ओर से आश्वस्त किया है कि वह इस संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करेंगे और चेड़ी, मनातू एवं सुकुरहटू के भूरैयतों तो को उनका हक एवं अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगे। मथुरा प्रसाद महतो इस विषय को इस विधानसभा सत्र में शून्यकाल में उठाए भी हैं।

# बेड़ो पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**बिना हेलमेट पकड़े जाने पर बाइक चालक का कटेगा सीधा चालान : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना के समीप थाना पुलिस ने गुरुवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना गेट के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्राइम कंट्रोल, सड़क सुरक्षा अधिनियम व क्षेत्र में शांति पूर्ण व्यवस्था को लेकर आने जाने वाली दो पहिया वाहन एवं हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान बाइक की सघन जांच की गई। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान दर्जनों वाहनों को बेड़ो पुलिस ने जब्त कर बाइक चालकों को हेलमेट पहने की कड़ी हिदायत देकर देर शाम थाना से छोड़ दिया। इसके बाद वाहन जांच अभियान में बगैर हेलमेट पहने सड़क पर चलने वाले बाइक राहगीरों को पकड़े जाने पर बाइक चालक का सीधा चालान कटेगा।

**खेलकूद :** एसएसबी 26वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने इंटर बटालियन क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

# खेल भावना को बनाये रखने की सभी खिलाड़ियों को दिलायी शपथ

**मैच 32वीं वाहिनी एवं 16वीं वाहिनी के बीच खेला गया, जिसमें 32वीं वाहिनी ने 22 रनों से जीत दर्ज की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय मैदान में इंटर बटालियन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि कमांडेंट एसडी शेरखाने ने किया। उदघाटन मैच 32वीं वाहिनी एवं 16वीं वाहिनी के बीच खेला गया, जिसमें 32वीं वाहिनी ने 22 रनों से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में 35वीं वाहिनी ने 29वीं वाहिनी की टीम को 7 विकेट से हराया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि कमांडेंट एसडी शेरखाने ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बैटिंग कर मैच को शुरू कराया। मौके पर एसडी शेरखाने ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की तथा खेल भावना को बनाये रखने के लिए सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलायी। इसके बाद भारतीय ध्वज के तिरंगा रंग के गुब्बारों को उड़ाकर कार्यक्रम शुरू किया गया।

मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार, उपकमांडेंट दिनेश कुमार, सहायक कमांडेंट आलोक सिंह, अजीत कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार सहित एसएसबी के जवान, क्षेत्रीय मुख्यालय गया अंतर्गत 05 वाहिनी के खिलाड़ी, मीडियाकर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बजरंग दल जोरार की बैठक में रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने को लेकर चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जोरार बस्ती लीची बगान स्थित अखाड़ा में रविवार शाम को आगामी रामनवमी महोत्सव को लेकर बजरंग दल जोरार नामकुम की एक बैठक आयोजित की गयी। इसमें सर्वसम्मति से भव्य शोभायात्रा निकालने एवं पूरे क्षेत्र को भगवा ध्वज से सजाने का निर्णय लिया गया। इस बार रामनवमी भव्यता के साथ मनाने को लेकर बड़े-छोटे सभी खिलाड़ियों का सहयोग मांगा जा रहा है। बैठक में यह चर्चा हुई कि शोभा यात्रा व झांकी 30 मार्च को निकाली जायेगी। इस दौरान सभी खिलाड़ी ड्रेस कोड लाल शर्ट में रहेंगे। बैठक में बजरंग दल जोरार के अध्यक्ष संदीप गोप, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद्र कनौजिया, मनोज सिंह, अशोक गोप, श्याम मुंडा, जोगिंदर महतो, रंजीत बड़ाईक, ज्ञानी मुंडा, रंजन मुंडा, विष्णु मुंडा, विकास रजक, बी मनोज वर्मा, पिंटू गोप, अनुराग गोप, सुनील राम, रघु मुंडा समेत बजरंग दल के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

### रामनवमी को लेकर महावीर मंडल टाटीसिलवे की बैठक आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे स्थित ईईएफ मैदान में रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर सोमवार को महावीर मंडल टाटीसिलवे की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता महावीर मंडल के अध्यक्ष बिगना महतो ने की। बैठक में रामनवमी के दिन विधिवत पूजा अर्चना के बाद ईईएफ मैदान में शोभायात्रा एवं झांकी लेकर आने वाले अखाड़ों में अस्त्र-शस्त्र परिचालन करने वाले खिलाड़ियों का स्वागत करने पर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से रासेश्वर नाथ मिश्र, युवा समाजसेवी मनेश महतो, सुमित कुमार महतो, बसंत मिश्रा, संजय साहू, ब्रजेश सिंह, जगदीश नायक, देवी शंकर समेत दर्जनों मंडल के सदस्य शामिल थे।

### चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी को लेकर पूजा समिति ओरमांझी की बैठक आयोजित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बाजार टांड़ और दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में होने वाली पूजा और मेला को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी ने की। बैठक में प्रखंड से मेला टांड़ आने वाले अखाड़ाधारियों के अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नंद गोपाल साहू, अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, उमाशंकर साहू, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, अजय सिंह,रमेश उरांव,प्रो प्रेमनाथ मुंडा, प्रो शैलेंद्र मिश्र, डॉ पारसनाथ महतो, शिव नारायण साहू,लक्ष्मण साहू, दीपक बड़ाइक, संतोष कुशवाहा, सत्यम राज कुशवाहा, कुलदीप तिवारी आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी मेला का सफल आयोजन को लेकर मेला समिति सीमराटांड़ की बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व के अवसर पर चार अप्रैल को आयोजित रामनवमी मेले का सफल आयोजन को लेकर सोमवार को वन लोटवा गांव में रामनवमी मेला समिति सीमरा टांड़ की बैठक अध्यक्ष हितुलाल महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दस गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य तरीके से मेले का आयोजन तथा अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि अखाड़ाधारी मेले में भव्य और आकर्षक झांकियों के साथ भाग लेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर स्थिति में रामनवी का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी प्रेम और बगाईचारगी के साथ मनाया जाएगा। मेला के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष हितुलाल महतो, उपाध्यक्ष शंकर महतो, सचिव नकुल महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश मुंडा, संरक्षक देवचरण महतो, कंदरू महतो, पारसनाथ महतो, बंशीधर महतो, चंद्रदेव महतो, कमलनाथ महतो सहित अन्य लोग बनाए गए हैं। इस अवसर पर लखीराम महतो, नारायण महतो, भुनेश्वर महतो, विजय कुमार महतो, जगेश्वर महतो, जगा भोगता, रूपलाल महतो, जगदीश भोगता, मनोहर महतो व अगमलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### सपारोम पंचायत सचिवालय में की गयी सभी पंचायतों के उपमुखिया की बैठक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के सपारोम पंचायत सचिवालय में सोमवार को नगड़ी प्रखंड के तमाम पंचायतों के उप मुखिया की बैठक आयोजन किया गया बैठक में उप मुखियाओं ने पंचायत की वर्तमान स्थिति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा पंचायतों की जन समस्याओं और उसके निदान के लिए सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर उपस्थित सभी उप मुखिया ने नगड़ी प्रखंड उप मुखिया संचालन समिति का गठन किया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष के रूप में उत्तरी टूंडूल की उप मुखिया जहाना प्रवीण, सचिव के रूप में लालगुटवा पंचायत के उप मुखिया प्रवीन उरांव और कोषाध्यक्ष के रूप में नगड़ी पंचायत के उप मुखिया राजू मुंडा का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पंचायतों के उप मुखिया को कार्यकारणी सदस्य बने रहेंगे। नगड़ी प्रखंड उप मुखिया संचालन समिति का गठन के बाद सभी उप मुखिया नगड़ी थाना पहुंचे और थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो से औपचारिक भेंट कर समिति के संबंध में जानकारी और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी से नगड़ी में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है। मौके पर अमित तिर्की, नीतू तिर्की, मेघा खोया, अनिता तिर्की, प्रिती कुमारी, तारा नाग, रश्मि तिर्की सहित अन्य शामिल थे।

### लापुंग थाना परिसर में सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर सभागार लापुंग में सरहुल और रामनवमी त्योहार को लेकर बीडीओ इमानुएल जयविरस लकड़ा व थाना प्रभारी सुकुमार हेमरोम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर सरहुल और रामनवमी त्योहार को नशा मुक्त एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने सभी से त्योहार मिलजुल कर मनाने में सहयोग करने की अपील की। मौके मुखिया सविता उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, मो. नसीम आलम, मंगल साहू, श्यामा प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, खिलेश्वर सिंह खेरवार, मांगा तिर्की, कंचन कुमार साहू, असमुदिन मियां, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं रामनवमी जुलूस के लाइसेंसधारी उपस्थित थे।

